# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखण्ड)
## KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

| | |
|---|---|
| **विज्ञापन संख्या - सामान्य/पीईआर/नि0वि0/1117/2019-2020/5586, दिनांक 08.03.2019** | |
| **विज्ञापन प्रकाशन की तिथि -** | **09.03.2019** |
| **आवेदन पत्र स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि -** | **08 अप्रैल, 2019** |
| **रिक्त पदों की संख्या -** | **35 पद (रिक्तियों की संख्या घट अथवा बढ़ सकती हैं।)** |

## सामान्य निर्देश

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा प्रशासनिक भवन, नैनीताल, डी0 एस0 बी0 परिसर, नैनीताल तथा एस0 एस0 जे0 परिसर, अल्मोड़ा में विभिन्न पदों हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वैबसाईट - www.kunainital.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है। **प्रत्येक पद हेतु पृथक-पृथक आवेदन किया जाना अनिवार्य है।**

1. (1) **अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञापन सं0 सामान्य/पीईआर/नियुक्ति/2016/2153, दिनांक 20.02.2016, कार्मिक/पीईआर/16-17/2016, दिनांक 22/23 दिसम्बर, 2016 तथा सामान्य/ पीईआर/नियुक्ति/ 2017-18, दिनांक 06.09.2018 के माध्यम से पूर्व में विज्ञापित पदों में से कतिपय पदों की आरक्षण स्थिति वर्तमान में उत्तराखण्ड राज्य में प्रभावी आरक्षण नियमों के आलोक में इस विज्ञापन के द्वारा अद्यतित एवं परिवर्तित की गयी है।**

   (2) **उपरोल्लिखित विज्ञापनों द्वारा विज्ञापित पदों की आरक्षण की स्थिति में इस विज्ञापन के प्राख्यापन के पश्चात् भी कोई परिवर्तन न होने की दशा में उन अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है जोकि ऐसे पदों के सापेक्ष पूर्व में आवेदन कर चुके हैं। ऐसे अभ्यर्थियों के पूर्व आवेदन पत्र वर्तमान विज्ञापन द्वारा पुनः विज्ञापित उन पदों हेतु स्वतः ही स्वीकार्य हैं। परन्तु उपरोल्लिखित पूर्व विज्ञापन के द्वारा विज्ञापित किसी पद के आरक्षण स्थिति यदि इस विज्ञापन के द्वारा परिवर्तित हुई है तो ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंनें की उपरोक्त पूर्व विज्ञापनों द्वारा विज्ञापित पदों के सापेक्ष आवेदन किया है यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि वे इस विज्ञापन द्वारा पुनः विज्ञापित उन पदों की परिवर्तित आरक्षण स्थिति के उपरान्त भी पूर्व आवेदित पद हेतु अर्ह हैं। अर्ह होने की स्थिति में ऐसे अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है तथा उनके पूर्व आवेदन पत्र इस विज्ञापन द्वारा पुनः विज्ञापित उन पदों हेतु स्वतः ही स्वीकार्य हैं। अन्यथा की स्थिति में उनका पूर्व में किया गया आवेदन स्वीकार किया जाना सम्भव नहीं होगा।**

   (3) **ऐसे सभी अभ्यर्थी (इनमें वे अभ्यर्थी भी शामिल हैं जिन्होंनें कि उपरोल्लिखित विज्ञापनों द्वारा विज्ञापित पदों के सापेक्ष पूर्व में आवेदन किया है) जोकि उत्तराखण्ड शासन द्वारा आर्थिक रूप में कमजोर वर्ग के लिए लागू किये गये आरक्षण का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें शासनादेश सं0 37/XXX-2/2019, दिनांक 06 फरवरी, 2019 में निहित प्रावधानों के अनुरूप इस आशय का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना आवश्यक है।**

2. **राष्ट्रीयता-** वह भारत का नागरिक हो।

3. **चरित्र -** भर्ती के लिये अभ्यर्थी का चरित्र सरकारी सेवा हेतु सभी प्रकार से उपयुक्त हो। नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा इस सम्बन्ध में अपना समाधान कर लिया जायेगा। अभ्यर्थी को यथास्थिति उस विश्वविद्यालय या महाविद्यालय या स्कूल के, जिसमें उसने अन्तिम बार शिक्षा प्राप्त की थी, प्रधान अधिकारी और दो प्रतिष्ठित जिम्मेदार व्यक्तियों से जो अभ्यर्थी के नातेदार न हों, तथा उसके निजी जीवन से सुपरिचित हों, को उत्तम चरित्र का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

   टिप्पणी - भारत सरकार या राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकरण या निगम या केन्द्रीय अथवा किसी राज्य सरकार के स्वामित्व या नियन्त्रित संस्थान से बर्खास्त अभ्यर्थी संस्थान में चयन के लिये अनर्ह होंगे। ऐसे व्यक्ति भी अयोग्य होंगे, जो ऐसे अपराध में दोष सिद्ध हुए हों, जिसमें नैतिक अद्यमता सम्मिलित है।

4. **शारीरिक स्वस्थ्यता-** ऐसे अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय सेवाओं में नियुक्त नहीं किया जायेगा, जो शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य नहीं है और किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त नहीं है, जिसके कारण वह अपने कर्त्तव्यों को दक्षतापूर्वक निर्वहन करने में सक्षम हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-एक भाग-दो के अध्याय - तीन में समाविष्ट मूल नियम-10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार स्वस्थ्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

5. **वैवाहिक प्रास्थिति-** विश्वविद्यालय में भर्ती के लिये ऐसा पुरूष अभ्यर्थी पात्र नहीं होगा, जिसकी एक से अधिक पत्नियाँ जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र नहीं होगी, जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक जीवित पत्नी हो।

6. **आरक्षण -** वर्तमान में प्रभावी उत्तराखण्ड शासन के आरक्षण सम्बन्धी प्रावधान लागू होंगे।

7. **आयु सीमा -** (1) किसी भी पद पर भर्ती हेतु दिनांक 01 जुलाई, 2018 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए तथा अधिकतम आयु 42 वर्ष (उपरोक्त वर्णित पूर्व विज्ञापन में प्राप्त अर्ह अभ्यर्थियों के आवेदन को छोड़कर) से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(2) अधिकतम आयु सीमा में छूट - विद्यमान शासनादेशों के क्रम में उत्तराखण्ड के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी।

(ख) उत्तराखण्ड के शारीरिक रूप से विकलांग/निःशक्त अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 10 वर्ष अधिक होगी। उत्तराखण्ड स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित अभ्यर्थियों के लिए उच्चतम् आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी। (शा0सं0-1244/XXX(2)/2005 दिनांक 21 मई 2005)

8. **शुल्क -** सामान्य श्रेणी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु रू0 500.00 तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति हेतु रू0 300.00 शुल्क वित्त अधिकारी, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (FINANCE OFFICER, KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL) के नाम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से देय होगा। ड्राफ्ट के पीछे आवेदनकर्ता का नाम एवं जिस पद के लिए आवेदन किया जा रहा है, अंकित करें। **प्रत्येक पद के लिये शुल्क पृथक-पृथक देय होगा**। प्राप्त शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा।

**9. रिक्तियों का विवरण/वेतनमान/अनिवार्य एवं अधिमानी शैक्षिक अर्हता का विवरण निम्नानुसार है -**

| क्र | पद का नाम | पद/श्रेणी | वेतनमान | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सिस्टम प्रोग्रामर | **01 पद** (अनारक्षित) | 56100—177500 (लेवल — 10) | एम0 सी0 ए0 अथवा बी0 टेक0 कम्प्यूटर विज्ञान अथवा एम0 एस—सी0 कम्प्यूटर विज्ञान अथवा<br>एम0 एस—सी0 गणित, सांख्यिकी अथवा भौतिक विज्ञान व 02 वर्षों तक प्रोग्रामर के रूप में कार्य करने का अनुभव |
| 2. | बास्केट बॉल प्रशिक्षक | **01 पद** (अनारक्षित) | 35400—112400 (लेवल — 06) | एम0 ए0, एन0 आई0 एस0 डिप्लोमा तथा डी0 पी0 एड0 डिप्लोमा धारक को वरीयता दी जायेगी। |
| 3. | वरिष्ठ तकनीकी सहायक (भू—विज्ञान) | **01 पद** (अनारक्षित) | 35400—112400 (लेवल — 06) | Post Graduate in any earth science or physical science subjects, workable knowledge of operating sophisticated instruments in related to Geology.<br>वरीयतामान अर्हता — कार्य सम्बन्धी तीन वर्ष का अनुभव |
| 4. | आर्टिस्ट कम फोटोग्राफर | **01 पद** (अनारक्षित) | 29200—92300 (लेवल — 05) | 1. मान्यता प्राप्त संस्था से इन्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण<br>2. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से फोटोग्राफी में डिप्लोमा<br>अधिमानी अर्हता — अनुभवी अभ्यर्थी |
| 5. | आर्टिस्ट/ ड्राफ्टसमैन ( भू—विज्ञान) | **02 पद** (01 पद अनारक्षित, 01 पद अनुसूचित जाति) | 25500—81100 (लेवल — 04) | न्यूनतम हाईस्कूल उत्तीर्ण के साथ ड्राफ्टसमैनशिप का द्विवर्षीय डिप्लोमा |
| 6. | सूचीकार (04 पद) | **02 पद** (01 पद अनारक्षित, 01 पद अनुसूचित जाति) | 29200—92300 (लेवल — 05) | स्नातक उपाधि तथा पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक उपाधि |
| | | **02 पद** (01 पद अनारक्षित) 01 पद अनुसूचित जाति) | 35400—112400 (लेवल — 06) | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7. | आशुलिपिक | **03 पद**<br>(01 पद अनुसूचित जाति<br>01 अन्य पिछड़ा वर्ग<br>01 पद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) | 29200—92300<br>(लेवल — 05) | 1. माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश / उत्तराखण्ड की इण्टरमीडिएट परीक्षा या राज्य द्वारा उसके समकक्ष घोषित कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. हिन्दी आशुलिपि में 80 शब्द प्रति मिनट तथा हिन्दी टंकण की कम्प्यूटर पर 4000 Key Depression प्रति घण्टे की गति सीमा होनी चाहिए। अन्य बातों के समान होने पर ऐसे अभ्यर्थी को अधिमान दिया जायेगा, जो अंग्रेजी आशुलिपि तथा टंकण जानता हों। स्नातक / स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी को अधिमान दिया जायेगा। |
| 8. | तबला वादक | **02 पद**<br>(01 पद अनारक्षित, 01 पद अनुसूचित जाति) | 21700—69100<br>(लेवल — 03) | मान्यता प्राप्त संस्था / विश्वविद्यालय से संगीत (तबला) विषय में स्नातक की डिग्री अथवा समकक्ष |
| 9. | खेल सहायक | **01 पद**<br>(अनुसूचित जाति) | 25500—81100<br>(लेवल — 04) | स्नातक डिग्री एवं बी0 पी0 एड0 |
| 10. | इलैक्ट्रीशियन | **01 पद**<br>(अनारक्षित) | 21700—69100<br>(लेवल — 03) | हाईस्कूल एवं इलैक्ट्रीशियन ट्रेड से आई0 टी0 आई0 प्रमाण पत्र उत्तीर्ण |
| 11. | प्रयोगशाला सहायक<br>**(08 पद)** | **भौतिक विज्ञान**<br>(01 पद अनुसूचित जाति, 01 पद अन्य पिछड़ा वर्ग, 01 पद आर्थिक रूप से कमजोर)<br>**रसायन विज्ञान**<br>(01 पद अनुसूचित जन जाति)<br>**वनस्पति विज्ञान**<br>(01 पद अनारक्षित) | 21700—69100<br>(लेवल — 03) | मान्यता प्राप्त संस्था से सम्बन्धित विषय के साथ इन्टरमीडिएट / समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अथवा हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण होने के साथ सम्बन्धित प्रयोगशाला में कार्य 05 वर्षों का अनुभव<br>**अधिमानी अर्हता —**<br>1. सम्बन्धित विषय के साथ स्नातक / परास्नातक उपाधि<br>2. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से 06 माह का कम्प्यूटर सर्टिफिकेट |
| | | **भूगर्भ विज्ञान**<br>(01 पद अन्य पिछड़ा वर्ग) | | मान्यता प्राप्त संस्था से विज्ञान विषय के साथ इन्टरमीडिएट / समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अथवा हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण होने के साथ सम्बन्धित प्रयोगशाला में कार्य 05 वर्षों का अनुभव<br>**अधिमानी अर्हता —**<br>1. सम्बन्धित विषय के साथ स्नातक / परास्नातक उपाधि<br>2. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से 06 माह का कम्प्यूटर सर्टिफिकेट |
| | | **बी0 फार्मा0 02 पद**<br>(01 पद अनारक्षित, 01 पद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) | | मान्यता प्राप्त संस्थान से फार्मेसी में डिप्लोमा एवं फार्मेसी प्रयोगशाला में 02 वर्ष का अनुभव या नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट के साथ 02 वर्ष फार्मेसी प्रयोगशाला में 05 वर्ष का अनुभव या विज्ञान स्नातक वर्ग के साथ 02 वर्ष का फार्मेसी प्रयोगशाला कार्य का अनुभव |
| 12. | प्रयोगशाला सहायक<br>**(05 पद)** | क. बी0 एफ0 ए0 पेन्टिंग / स्कैचिंग एण्ड ड्राईंग में विशिष्टीकरण<br>**01 पद**<br>(अनारक्षित) | 25500—81100<br>(लेवल — 04) | बी0 एफ0 ए0 / एम0 एफ0 ए0 में उपाधि प्राप्त, अधिमानी अर्हता — कार्यशालाओं एवं ग्रुप प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जायेगी। |
| | | ख. सेन्टर फॉर एक्सीलेंस इन हिमालयन मेडीसिनल प्लांट्स एण्ड नैनो टैक्नोलॉजी<br>**04 पद**<br>**(01 पद अनु0 जाति<br>02 पद अनारक्षित<br>01 पद अन्य पिछड़ा वर्ग)** | | विज्ञान विषय के साथ इन्टरमीडिएट उत्तीर्ण व कार्य अनुभव को वरीयता |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13. | अवर अभियन्ता – सिविल | **01 पद** (अनारक्षित) | 29200–92300 (लेवल – 05) | इन्टरमीडिएट, सिविल इन्जीनियरिंग में त्रिवर्षीय डिप्लोमा। |
| 14. | मैकेनिक | **01 पद** (अनारक्षित) | 19900–63200 (लेवल – 02) | हाईस्कूल व सम्बन्धित ट्रेड से आई0 टी0 आई0 |
| 15. | सहायक सम्पत्ति अधिकारी (आयोजनागत) | **01 पद** (अनारक्षित) | 44900–142400 (लेवल – 07) | विकास कार्यो के साथ–साथ अनुकूलतम भूमि उपयोग एवं सम्पत्ति संरक्षण सम्बन्धी अच्छा ज्ञान होना तथा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ऑनलाईन संचार एवं सम्बन्धित कार्यों में दक्ष होना निहायत आवश्यक है। शैक्षिक अर्हता – एम0ए0 / एम0एस–सी0 / एम0 टैक0 / जी0आई0एस0 एवं आर0 एस0 अथवा एम0 बी0 ए0 मानव संसाधन हो तथा हिन्दी वह अंग्रेजी भाषा के साथ–साथ सम्बन्धित कार्यों के सम्पादन का अनुभव अथवा एम0 बी0 ए0 की अर्हता होना आवश्यक है। |
| 16. | सहायक तकनीकी अधिकारी (सेन्टर फॉर एक्सीलेंस इन हिमालयन मेडीसिनल प्लांट्स एण्ड नैनो टैक्नोलॉजी) 01 पद आयोजनागत | **01 पद** (अनारक्षित) | 53100–167300 (लेवल – 09) | सम्बन्धित विषय में डिग्री / डिप्लोमा के साथ एनालिटिकल उपरणों के संचालन का कम से कम 10 वर्ष का अनुभव। |
| 17. | तकनीकी सहायक (सेन्टर फॉर एक्सीलेंस इन हिमालयन मेडीसिनल प्लांट्स एण्ड नैनो टैक्नोलॉजी) 01 पद आयोजनागत | **01 पद** (अनारक्षित) | 35400–112400 (लेवल – 06) | सम्बन्धित विषय में डिग्री / डिप्लोमा के साथ सम्बन्धित प्रयोगशाला में कम से कम 05 वर्ष का अनुभव। |

**10. आवेदन पत्र का स्वरूप–**

1. परीक्षा हेतु आवेदन पत्र का प्रारुप इस विज्ञापन के अन्त में दिया गया है।
2. आवेदन पत्र कुमाऊँ विश्वविद्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड कर सफेद कागज (A4 Size Paper, Portrait Format) पर भरकर भेजना अनिवार्य है। अन्य किसी रूप में टंकित अथवा हस्तलिखित आवेदन मान्य नहीं होगा। आवेदन पत्र को भरने से पहले अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ संलग्न निर्देशों को अवश्य पढें
3. आवेदन पत्र के साथ अपने समस्त शैक्षिक एवं अन्य (श्रेणी/उप-श्रेणी इत्यादि) प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करें। लिखित परीक्षा का आयोजन आवेदन पत्र पर दी गयी सूचना के आधार पर किया जायेगा। अभ्यर्थी स्पष्ट रूप से विज्ञापन पढ़कर अपनी ॉक्षिक योग्यतानुसार आवेदन पत्र में सही सूचना भरें।
4. गलत एवं अस्पष्ट सूचना भरने पर अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा एवं गलत सूचना देने पर अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा एवं उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा सकती है
5. **अभ्यर्थी आवेदन निर्धारित प्रारूप पर ही करें।**

**11. आवेदन पत्र भरने हेतु अनुदेश –**

1. अभ्यर्थी विज्ञापन का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें और तभी आवेदन करें जब वे संतुष्ट हों कि वे पात्रता सम्बन्धी सभी शर्ते पूरी करते हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने मात्र से यह नहीं माना जायेगा कि अभ्यर्थी आवश्यक निर्धारित अर्हता प्राप्त करते हैं। जो अभ्यर्थी अर्हता परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हों अथवा जिनका परीक्षाफल आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि तक प्राप्त न हुआ हो, वे अभ्यर्थी आवेदन करने हेतु पात्र नहीं होगें।
2. आवेदन पत्र अभ्यर्थियों द्वारा स्वयं भरा जाना चाहिए। आवेदन पत्र भरने के लिए केवल काले अथवा नीले रंग के बॉल प्वाइन्ट पेन का प्रयोग करना चाहिए।
3. किसी भी आरक्षित श्रेणी में आने वाले अभ्यर्थी, यदि वे आरक्षण का लाभ चाहते हैं, तो आवेदन-पत्र के सम्बन्धित स्तम्भ में अपनी श्रेणी/श्रेणियों/उपश्रेणियों (एक या एक से अधिक जो भी हो) को अवश्य अंकित करें, अन्यथा वे अनारक्षित (सामान्य) अभ्यर्थी समझे जायेंगे

और उन्हें आरक्षण का लाभ प्राप्त नहीं होगा।

4. आवेदन पत्र प्रस्तुत कर दिये जाने के उपरान्त अर्हता, आरक्षण श्रेणी/उपश्रेणी व आयु आदि में किसी भी प्रकार का संशोधन या परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**12. आवेदन पत्र प्राप्त होने की अन्तिम तिथि –**

अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर स्पष्ट हस्तलिपि में एवं पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति सहित 9- ग 12- साईज के लिफाफे में रखकर कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल, उत्तराखण्ड – 263001 के पते पर स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व प्रेषित करें। प्रार्थना पत्र BY HAND स्वीकार नहीं किये जायेगें। लिफाफे के ऊपर'' विज्ञापन संख्या – सामान्य/पीईआर/नि0वि0/1117/219-2020/5586, दिनांक 08.03.2019, पद का नाम अवश्य अंकित करें। आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि दिनांक 08 अप्रैल, 2019 है। उक्त अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदन पत्रों में कालबाधित (TIME BARRED) अंकित कर वापस कर दिया जायेगा।

**13. सभी अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश –**

1. अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में कोई भी गलत तथ्य न दें, अर्थात ऐसे तथ्यों को न दें जिनकी प्रमाण-पत्र के आधार पर पुष्टि नहीं की जा सकती है। ऐसे तथ्य देने पर उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही भी की जा सकती है।
2. प्रत्येक पद हेतु अलग-अलग आवेदन पत्र भरे जायेंगे तथा प्रत्येक आवेदन पत्र को पृथक लिफाफे में रखकर प्रेषित करने होंगे।
3. आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश हेतु सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश पूर्णतः अनन्तिम होगा बशर्ते कि वे निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हों। उम्मीदवार को मात्र प्रवेश पत्र जारी किये जाने का यह अर्थ नहीं होगा कि उसकी उम्मीदवारी अन्तिम रूप से सुनिश्चित कर दी गयी है। यदि भविष्य में किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्ह नहीं था अथवा उसका आवेदन पत्र अस्वीकृत किया जाना चाहिए था अथवा वह प्रारम्भिक स्तर पर ही स्वीकार किए जाने योग्य नहीं था, उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा और यदि वह अन्तिम रूप से चुन भी लिया जाता है तो भी चयन की संस्तुति वापस ले ली जाएगी।
4. अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र के सभी स्तम्भ स्पष्ट, पूर्ण रूप से भरे होने चाहिए तथा कोई भी स्तम्भ अपूर्ण या रिक्त नहीं छोड़ा जाना चाहिए। अस्पष्ट, संदिग्ध तथा भ्रामक होने की दशा में आवेदन पत्र अस्वीकृत किये जा सकते हैं।
5. निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र प्रस्तुत न किए जाने की दशा में आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
6. मूल आवेदन पत्र में अंकित किये गए विवरण में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन किसी भी दशा में अनुमन्य नहीं होगा।
7. अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अपने आवेदन पत्र, उपस्थिति सूची आदि में तथा विश्वविद्यालय के साथ समस्त पत्र व्यवहार में सभी स्थानों पर उनके द्वारा किए गए हस्ताक्षर एक जैसे होने चाहिए और उनमें किसी भी प्रकार की भिन्नता नहीं होनी चाहिए । अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर किए गए हस्ताक्षरों में यदि कोई भिन्नता पायी जाती है तो विश्वविद्यालय उसके अभ्यर्थन को रद्द कर सकता है।
8. एक लिफाफे में एक से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने की दशा में सभी आवेदन पत्र अस्वीकृत किए जायेगें। यदि कोई अभ्यर्थी एक ही पद के लिये एक से अधिक आवेदन पत्र प्रस्तुत करता है तो उसके सभी आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिए जाएंगे तथा उसका अभ्यर्थन भी रद्द कर दिया जाएगा।
9. अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जाएगा । अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र तथा ऐसे आवेदन पत्र जिस पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर नहीं हैं, समयान्तर्गत प्राप्त होने के बावजूद, अस्वीकृत कर दिए जाएंगे। डाक द्वारा विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों के लिए विश्वविद्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
10. हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा के प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी। जन्मतिथि हेतु उक्त प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होगा।

11. अभ्यर्थियों को प्रश्नों के उत्तर हेतु कैलकुलेटर का प्रयोग अनुमन्य नहीं है। परीक्षा केन्द्र परिसर में परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी द्वारा मोबाईल फोन, पेजर्स अथवा किसी अन्य प्रकार के संचार यंत्र के प्रयोग की अनुमति नहीं है। यदि वे इन अनुदेशों का उल्लंघन करते हुए पाये जाते हैं तो उन पर भविष्य में आयोजित की जानेवाली सभी परीक्षाओं में बैठने पर रोक सहित अन्य कार्यवाही की जा सकती है। अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा स्थल पर मोबाईल फोन/पेजर्स सहित किसी प्रकार की प्रतिबन्धित सामग्री न लायें।
12. कोई भी अभ्यर्थी किसी भी अन्य अभ्यर्थी की उत्तरपुस्तिका से न तो नकल करेगा, न ही अपनी उत्तरपुस्तिका से नकल करवायेगा तथा न ही किसी अन्य तरह की अनुचित सहायता देगा, न ही सहायता देने का प्रयास करेगा और न ही सहायता प्राप्त करेगा।
13. **परीक्षा भवन में आचरण** – कोई भी अभ्यर्थी किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न करे तथा परीक्षा हाल में अव्यवस्था न फैलाये तथा परीक्षा के संचालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा तैनात स्टॉफ को परेशान न करे। ऐसे किसी भी दुराचरण के लिए कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।
14. **कदाचार के दोषी पाये गये अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्यवाही** – अभ्यर्थियों को यह चेतावनी दी जाती है कि आवेदन पत्र भरते समय न तो कोई असत्य विवरण प्रस्तुत करें और न ही किसी महत्वपूर्ण सूचना को छिपाएं। उन्हें यह भी चेतावनी दी जाती है कि वे अपने द्वारा प्रस्तुत किसी प्रलेख या उसकी अनुप्रमाणित/प्रमाणित प्रति को किसी प्रविष्टि में कोई शोधन या परिवर्तन या अन्यथा फेरबदल नहीं करें तथा न ही वे फेरबदल किया गया जाली प्रलेख प्रस्तुत करें। यदि दो या दो से अधिक दस्तावेजों के बीच अथवा उनकी अनुप्रमाणित/प्रमाणित प्रतियों में कोई असंगति या विसंगति हो तो इस विसंगति के बारे में अभ्यर्थी को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना चाहिए। अन्यथा अभ्यर्थी के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी।
15. अभ्यर्थियों को सचेत किया जाता है कि वे पूर्णतया यह संतुष्ट हो जाने के पश्चात् कि वे विज्ञापन/परीक्षा की सभी शर्तों को पूरा करते हैं, आवेदन करें और परीक्षा में बैठे।
16. नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति से पूर्व नियमों में अपेक्षित स्वास्थ्य परीक्षण कराना होगा । यह कार्यवाही नियुक्ति से पूर्व सम्बन्धित नियुक्ति अधिकारी/प्राधिकारी द्वारा पृथक से की जाएगी।
17. अभ्यर्थियों को परीक्षा की तिथि, कार्यक्रम, समय तथा केन्द्र के सम्बन्ध में अनुक्रमांक सहित प्रवेश-पत्रों (Admit Card) के माध्यम से सूचना दी जायेगी। अभ्यर्थियों को आवंटित केन्द्र पर ही परीक्षा देनी होगी । केन्द्र निर्धारण के उपरान्त केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा। **अन्तिम चयन तक प्रवेश-पत्र को सुरक्षित रखें एवं मांगने पर प्रस्तुत करें।**
18. उम्मीदवार को मात्र प्रवेश पत्र जारी किये जाने का अर्थ यह नहीं है कि उसकी उम्मीदवारी विश्वविद्यालय द्वारा अन्तिम रूप से सुनिश्चित कर दी गई है। उम्मीदवार द्वारा अन्तिम चयन सूची में अर्हता प्राप्त करने के बाद ही नियुक्ति अधिकारी/विश्वविद्यालय मूल प्रमाण पत्र के सन्दर्भ में पात्रता शर्तों का सत्यापन कराता है। अन्तिम चयन के उपरान्त भी यदि अभ्यर्थी किसी भी स्तर पर अपात्र पाया जाता है तो उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।
19. अभ्यर्थी अपने भरे हुए आवेदन पत्र, बैंक ड्राफ्ट की छायाप्रति एवं स्पीड पोस्ट की रसीद अपने पास सुरक्षित रखें। यदि किसी कारण से लिखित परीक्षा के लिये उनको प्रवेश पत्र नहीं मिल पाता है तो लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये डुप्लीकेट प्रवेश पत्र उपरोक्त तीनों अभिलेख प्रस्तुत किये जाने पर विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया जायेगा।

**14. परीक्षा का प्रारूप –**

1. सभी पदों हेतु पद के अनुरूप परीक्षा आयोजित की जायेगी तथा लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर योग्यता सूची तैयार की जायेगी।
2. पदों की संख्या के सापेक्ष अभ्यर्थियों को दक्षता परीक्षा हेतु शासनादेश के अनुरूप बुलावा पत्र भेजा जायेगा।
3. परीक्षा सम्बन्धित पूर्ण एवं विस्तृत निर्देश/विवरण विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.kunainital.ac.in में पृथक से उपलब्ध करा दिया जायेगा।

कुलसचिव,
कुमाऊँ विश्वविद्यालय
नैनीताल